# जी-20: सोशल मीडिया पर नजर रखेगी पुलिस, पुख्ता की जाएगी कानून-व्यवस्था और सुरक्षा

## राजधानी में अनुचित प्रवेश को रोकने के लिए सभी सीमाओं को कर दिया जाएगा सील

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली पुलिस जी20 शिखर सम्मेलन के लिए सुरक्षा कवायद के तहत, किसी भी अफवाह फैलाने वाले या भड़काऊ पोस्ट को रोकने के लिए सोशल मीडिया पर नजर रखेगी, आपराधिक तत्वों की पहचान व जांच करेगी और शहर में मॉल, बाजारों व धार्मिक स्थलों पर ध्यान केंद्रित करेगी।

इस संबंध में एक अधिकारी ने कहा कि राष्ट्रीय राजधानी में अनुचित प्रवेश को रोकने के लिए सभी सीमाओं को सील कर दिया जाएगा, हालांकि सामान्य वाहनों और लोगों को आवाजाही की



अनुमति दी जाएगी। उपराज्यपाल वी के सक्सेना ने पुलिस आयुक्त समेत दिल्ली पुलिस के शीर्ष अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की, जिसके बाद उन्होंने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि अगर कुछ विशेष समूह दो दिवसीय शिखर सम्मेलन के दौरान विरोध प्रदर्शन करने या उपद्रव मचाने की कोशिश करते हैं, तो पुलिस उन्हें शहर में प्रवेश करने से रोक देगी।

### 60 पुलिस उपायुक्तों को दायित्व सौंपा

राज निवास के अधिकारियों ने कहा कि बैठक के दौरान उपराज्यपाल को सूचित किया गया कि अगले महीने जी20 शिखर सम्मेलन से संबंधित विशिष्ट कार्यों की निगरानी और प्रबंधन के लिए 60 पुलिस उपायुक्तों को दायित्व सौंपा गया है।

## सम्मेलन स्थलों पर तैनात होंगी महिला कमांडो

### प्रशिक्षण में 95 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान पर रही कांस्टेबल किरण

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की उन 19 महिला कमांडो ने चार सप्ताह का विशेष प्रशिक्षण पूरा कर लिया है, जिन्हें अगले महीने यहां होने वाली जी20 बैठकों के मद्देनजर शहर के प्रमुख स्थलों पर तैनात किया जाएगा। इन महिला कमांडो ने हाल में मध्य प्रदेश के करेरा में भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) के प्रशिक्षण केंद्र में बल द्वारा आयोजित चार सप्ताह का विशेष प्रशिक्षण सत्र पूरा किया है, जिसे 'मार्क्सवुमेन कोर्स' कहा जाता है। इस प्रशिक्षण के बाद इन महिला कमांडो को जी20 बैठकों के दौरान 'मार्क्सवुमेन' (दक्ष निशानेबाज) के तौर पर तैनात किया जाएगा। स्पेशल वेपंस एंड टेक्टिक्स (स्वाट) कमांडो किरण ने कहा कि इतनी बड़ी जिम्मेदारी मिलना सम्मान की बात है। किरण ने बताया कि हमारे देश में इतने प्रतिष्ठित आयोजन के दौरान एक 'निशानेबाज' के रूप में काम करना एक सपने के सच होने जैसा है। यह प्रशिक्षण पाठ्यक्रम बहुत उपयोगी था और इससे हमारा आत्मविश्वास बढ़ा है। कुछ महीने पहले पुलिस आयुक्त संजय अरोड़ा के स्वाट की जमरूदपुर इकाई के दौरे के बाद पहली बार दिल्ली पुलिस ने 19 स्वाट कमांडो को इस प्रशिक्षण के लिए भेजने का निर्णय लिया था। यह प्रशिक्षण 19 जून से 15 जुलाई के बीच आयोजित किया गया, जिसमें कमांडो को अन्य कौशलों के साथ-साथ दक्ष निशानेबाजों के रूप में तैयार किया गया। प्रशिक्षण में कांस्टेबल किरण 95 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान पर रहीं। कमांडो निशा ने कहा कि दक्ष निशानेबाज के लिए धैर्य की आवश्यकता होती है, इसलिए इस भूमिका के लिए महिलाओं को चुना गया है। उन्होंने कहा कि हम खुद को मजबूत बनाने के लिए योग, ध्यान और कई अन्य चीजें करते हैं।

## बस मार्शल को लेकर अवमानना याचिका पर हाईकोर्ट ने पूछा-मुख्य सचिव का रुख

**नई दिल्ली।** हाईकोर्ट ने राजधानी की बसों में मार्शलों को कथित रूप से तैनात नहीं किये जाने को लेकर दायर अवमानना याचिका पर गुरुवार को दिल्ली के मुख्य सचिव नरेश कुमार और वित्त सचिव आशीष चंद्र वर्मा का रुख जानना चाहा। न्यायमूर्ति जसमीत सिंह ने कहा कि 'डीटीसी' की बसों में सफर कर रहे यात्रियों, विशेष रूप से महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जानी चाहिए और याचिका में लगाये गये आरोप 'स्तब्ध करने वाले' हैं। वकील अमित साहनी की अवमानना याचिका पर न्यायाधीश ने अधिकारियों को नोटिस जारी किया और उनसे जवाब दाखिल करने को कहा। याचिकाकर्ता की ओर से पेश वकील ने दलील दी कि हाईकोर्ट को पूर्व में दिये गये आश्वासन के बावजूद अधिकारी यात्रियों की सुरक्षा के लिए मार्शल तैनात नहीं कर रहे हैं। आरोप यह भी है कि मार्शल के वेतन जारी नहीं किये जा रहे और इससे संकेत मिलता है कि अधिकारी 'बस मार्शल योजना' को जारी रखने के पक्ष में नहीं हैं। कोर्ट ने कहा कि यह बहुत हैरान करने वाली बात है क्योंकि डीटीसी में यात्रियों, विशेष रूप से महिला, बच्चों और बुजुर्ग यात्रियों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जानी चाहिए। याचिका में कहा गया कि परिवहन विभाग ने 2015 में बसों में महिलाओं की सुरक्षा में सुधार के लिए 'बस मार्शल योजना' शुरू की थी।

### अस्पताल में भर्ती तीन की हालत गंभीर

# ओखला: निर्माणाधीन बेसमेंट की दीवार गिरी, दो की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दक्षिण पूर्वी जिले के ओखला इलाके में गुरुवार शाम एक निर्माणाधीन इमारत की बेसमेंट की दीवार धराशायी हो गई है। इस हादसे में दर्जनभर मजदूर मिट्टी व मलबे में दब गए। हादसे के पहले साइट पर 13 लोग मौजूद थे। उनमें से पांच को गंभीर हालत में अस्पताल ले जाया गया जहां दो की मौत हो गई। हादसे के बाद कुछ मजदूरों के परिजनों ने घटनास्थल पर हंगामा प्रदर्शन भी किया।



मिली जानकारी के अनुसार हादसा शाम चार बजकर 55/56 मिनट पर ओखला फेज दो में हुआ। कॉल मिलने के बाद दमकल विभाग की तीन गाड़ियां ए-98/3 नंबर के प्लॉट पर संजय कॉलोनी पहुंची। इस दौरान निर्माणाधीन साइट पर कार्य कर रहे श्रमिकों के परिवार भी वहां पहुंच गये और अंदर जाने का प्रयास करने लगे। पुलिस व दमकलकर्मियों ने उन्हें रोका को आक्रामक हो गए हैं। बाद में काफी समझाने बुझाने के बाद शांत हुये। फायर डायरेक्टर अतुल गर्ग ने बताया कि जो लोग अंदर फंसे थे उन्हें निकाल लिया गया है। कुछ खुद निकल गये थे। बिल्डिंग करीब 500 स्क्वायर गज में बनाई जा रही थी। बेसमेंट तैयार करने के साथ ही दीवार खड़ी की जा रही थी। जिस समय हादसा हुआ तब साइट पर 13 मजदूर कार्यरत थे। उनमें से नौ मजदूर किसी तरह बचकर खुद बाहर निकल गए। उन्हें हल्की फुल्की चोट लगी, लेकिन चार मजदूर अंदर मिट्टी व मलबे में दब गए थे। उन्हें पास के हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया। फायर विभाग के अनुसार दो मजदूरों की हादसे में मौत हुई है।

### मृतकों व घायलों के नाम

घटना में रमन (18 वर्ष) और मिंटू (50 वर्ष) की चोटों के कारण मौत हो गई। इसके अलावा 6 लोग घायल हो गए, इनमें से तीन, गुलशन (28 वर्ष), देवेन्द्र (33 वर्ष) और नीतीश (23 वर्ष) गंभीर है जिनका एम्स ट्रॉमा सेंटर में इलाज चल रहा है। जबकि अरुण (22 वर्ष), निर्मल (23 साल) और जलधर (50 वर्ष) को मामूली चोटें आयी हैं और इनका इलाज चल रहा है।

### निगम ने दी थी भवन निर्माण की मंजूरी

दिल्ली नगर निगम प्रशासन ने बताया कि जहां घटना हुई है। उस निर्माण स्थल को भवन योजना की मंजूरी दी गई थी और निर्माण अधिकृत था।

## केंद्रीय मंत्री रिजीजू के सरकारी आवास की दीवार से टकराई कैब

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

मध्य दिल्ली में एक कैब (कार) कथित रूप से केंद्रीय मंत्री किरेन रिजीजू के सरकारी अवास की दीवार से टकरा गई। पुलिस ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। उसने बताया कि पहले दिल्ली परिवहन निगम (डीटीसी) की एक क्लस्टर बस ने कैब में टक्कर मारी और कैब दीवार से जा टकराई।

### क्लस्टर बस ने मारी थी कैब को टक्कर

उसने बताया कि नरेला निवासी रहीम खान अपनी पत्नी और दो बच्चों के साथ कैब से जा रहे थे और जब वे कृष्णा मेनन मार्ग पर कोठी नंबर नौ के पास पहुंचे तब उनकी गाड़ी में सेवा नगर डिपो की एक डीटीसी क्लस्टर बस ने टक्कर मार दी। पुलिस ने बताया कि कैब चालक नियंत्रण खो बैठा और कैब कोठी नंबर नौ की दीवार से जा टकराई।


**सिध मैनेजमेंट कॉर्पोरेट सर्विसेज लिमिटेड**
CIN: L65999DL1985PLC019846
पंजी. कार्यालय : ई-253, सरस्वती कुंज अपार्टमेंट्स, 25, आई.पी. एक्सटेंशन, पटपड़गंज, नई दिल्ली- 110092, Phone:+011-22731509
Email: info@sidhmanagement.in Website: www.sidhmanagement.in

**39वीं वार्षिक सामान्य बैठक, ई-वोटिंग और बुक क्लोजर की सूचना**

1. एतद द्वारा सूचना दी जाती है कि एजीएम आयोजित करने की सूचना में विनिर्दिष्टानुसार बिजनेसेज का सम्पादन करने के लिये कम्पनी की **उनतालीसवीं (39वीं)** वार्षिक सामान्य बैठक (एजीएम) **14 सितम्बर 2023 (बृहस्पतिवार) को पूर्वा. 11:00 बजे** ई-253, सरस्वती कुंज अपार्टमेंट्स, 25 आई.पी. एक्सटेंशन, पटपड़गंज, नई दिल्ली-110092 में आयोजित की जाएगी। कम्पनी वित्तीय वर्ष 2022-2023 हेतु वार्षिक रिपोर्ट सहित 39वीं एजीएम की सूचना 14.08.2023 को इलैक्ट्रोनिक मोड के माध्यम से केवल उन सदस्यों को भेज चुकी है जिनके ई-मेल पते कम्पनी अथवा रजिस्ट्रार एवं ट्रांसफर एजेंट और डिपॉजिटरीज के पास पंजीकृत हैं और जिन शेयरधारकों के ई-मेल आईडी उपलब्ध नहीं हैं, हेतु इसकी भौतिक प्रतियां अनुमत्य मोड में उनके पंजीकृत पते पर प्रेषित की गई हैं।
2. कम्पनी की वार्षिक रिपोर्ट 2022-2023, अन्य बातों के अलावा, **39वीं एजीएम** का व्याख्यात्मक विवरण और निहित सूचना कम्पनी की वेबसाइट पर www.sidhmanagement.in पर और स्टॉक एक्सचेंजेज की वेबसाइट्स यथा www.msei.in पर उपलब्ध है। इसकी एक प्रति सेंट्रल डिपॉजिटरी सर्विसेज (इंडिया) लिमिटेड (सीडीएसएल) की वेबसाइट पर https://www.evotingindia.com/ पर भी उपलब्ध है।
3. कम्पनी (प्रबंधन एवं प्रशासन) नियमों, 2014, समय-समय पर संशोधित अनुसार के नियम 20 के साथ पठित कम्पनी अधिनियम, 2013 ('दि एक्ट') की धारा 108 और सेबी (एलओडीआर) नियमनों, 2015 के नियमन 44 के अनुपालन में, कम्पनी एजीएम में सम्पादित किये जाने वाले बिजनेस के सम्बन्ध में एजीएम से पूर्व दूरस्थ ई-वोटिंग की सुविधा इसके सदस्यों को प्रदान कर रही है और इस प्रयोजन हेतु, कम्पनी इलैक्ट्रोनिक साधनों के माध्यम से वोटिंग को आसान बनाने के लिये सीडीएसएल को नियुक्त कर चुकी है। दूरस्थ ई-वोटिंग हेतु विस्तृत निर्देश एजीएम की सूचना में दिये गये हैं। सदस्यों से निम्नलिखित को नोट करने का आग्रह किया जाता है :-

ए. दूरस्थ ई-वोटिंग सुविधा निम्नलिखित अवधि के दौरान उपलब्ध होगी :-

| | |
|---|---|
| दूरस्थ ई-वोटिंग का प्रारम्भ | सोमवार, 11 सितम्बर 2023 (पूर्वा. 9.00 बजे) से |
| दूरस्थ ई-वोटिंग का समापन | बुधवार, 13 सितम्बर 2023 (अप. 5.00 बजे) तक |

इसके पश्चात मतदान हेतु दूरस्थ ई-वोटिंग मॉड्यूल **सीडीएसएल** द्वारा अयोग्य कर दिया जाएगा और उक्त तिथि और समय के पश्चात इलैक्ट्रोनिकली मतदान करने की अनुमति सदस्यों को नहीं दी जाएगी ;

बी. सदस्यों के वोटिंग अधिकार **बृहस्पतिवार**, 07.09.2023 (**'कट-ऑफ तिथि'**) के अनुसार कम्पनी की भुगतान की गई इक्विटी शेयर कैपिटल के उनके शेयर के अनुपात में होंगे। बैलेट पेपर के माध्यम से वोटिंग हेतु सुविधा एजीएम में उपलब्ध करवाई जाएगी और बैठक में उपस्थित होने वाले सदस्य, जो दूरस्थ ई-वोटिंग द्वारा अपना मत नहीं दे चुके हैं, बैलेट पेपर के माध्यम से बैठक में अपने अधिकार का उपयोग करने में सक्षम होंगे, परन्तु दोनों वोटिंग पर दिये गये मतों में से, गणना के प्रयोजन हेतु केवल ई-वोटिंग को गिना जाएगा।

सी. कोई व्यक्ति जिसका नाम कट-ऑफ तिथि के अनुसार सदस्यों के रजिस्टर में दर्ज है, केवल वही दूरस्थ ई-वोटिंग की सुविधा का लाभ प्राप्त करने का हकदार होगा ;

डी. कोई व्यक्ति जो सूचना के प्रेषण के पश्चात कम्पनी के शेयर अर्जन करता है और कम्पनी का सदस्य बनता है तथा कट-ऑफ तिथि के अनुसार शेयरधारण करता है, helpdesk.evoting@cdslindia.com पर एक आग्रह भेजकर दूरस्थ ई-वोटिंग हेतु लॉगइन आईडी और पासवर्ड प्राप्त कर सकता है अथवा सीडीएसएल द्वारा प्रदान किये अनुसार टोल फ्री नम्बर 1800225533 पर सम्पर्क कर सकता है। यदि ई-वोटिंग के सम्बन्ध में आपके पास कोई प्रश्न अथवा मुद्दे हैं, आप बारम्बर पूछे जाने प्रश्न ("एफएक्यूस") और हैल्प सेक्शन के तहत www.evotingindia.com पर उपलब्ध ई-वोटिंग मैनुअल देख सकते हैं। कोई व्यक्ति जो कट-ऑफ तिथि के अनुसार सदस्य नहीं है, एजीएम की सूचना को केवल जानकारी के प्रयोजन हेतु माने ;

4. आगे सूचना दी जाती है कि दि एक्ट की धारा 91 और इसके तहत बनाये गये नियमों तथा सेबी (एलओडीआर) नियमनों, 2015 के नियमन 42 के अनुसरण में, कम्पनी के सदस्यों का रजिस्टर और शेयर ट्रांसफर बुक्स **शुक्रवार, 08 सितम्बर 2023 से बृहस्पतिवार, 14 सितम्बर 2023 तक (दोनों दिन मिलाकर) 39वीं एजीएम के प्रयोजन हेतु बंद रहेंगे।**

कृते सिध मैनेजमेंट कॉर्पोरेट सर्विसेज लिमिटेड
हस्ता/-
दिनेश शर्मा
(पूर्ण-कालिक निदेशक)
(डीआईएन : 07526355)

स्थान : दिल्ली
दिनांक : 24.08.2023


# लक्ष्मी नगर : लूटपाट व हत्या केस में वांटेड अपराधी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

क्राइम ब्रांच ने लूटपाट के दौरान हत्या केस में वांटेड एक बदमाश को अरेस्ट किया है। आरोपी का नाम दीपक उर्फ भूरी (30) है। कोर्ट भी इसे भगौड़ा घोषित कर चुकी थी। पुलिस से बचने के लिए बदमाश लगातार ठिकाने बदल रहा था।

स्पेशल सीपी रविन्द्र यादव के अनुसार इनपुट मिला था कि लक्ष्मी नगर इलाके में हुए मर्डर और लूट केस का आरोपी दीपक अशोक



■ पुलिस से बचने के लिए बदमाश लगातार ठिकाने बदल रहा था

विहार, मेरठ में छिपा है। इसके बारे में जानकारी पुख्ता की गई और आरोपी को धर दबोचा। पूछताछ में पता चला कि उसने अपने साथियों के संग एक घर में लूटपाट की और उसके मालिक की हत्या कर दी थी। इस वारदात में शामिल सभी आरोपियों को पकड़ लिया गया था। उस समय आरोपी दीपक के पास से 60 लाख रुपए बरामद हुए थे। हालांकि बाद में जमानत मिलने के बाद दीपक ने कोर्ट में सरेंडर नहीं किया और कोर्ट ने उसे भगौड़ा घोषित कर दिया था। गीता कॉलोनी फ्लाईओवर शांति वन चौक के पास भी उसने एक कारोबारी से हथियार के बल पर नगदी से भरा बैग लूट लिया था। दीपक लूट और हत्या समेत चार मामलों में लिप्त मिला है। वह राजीव गार्डन, लोनी गाजियाबाद का रहने वाला है। उसने नौंवी कक्षा तक पढ़ाई की है।

## नाबालिग लड़की को यूपी से करवाया रेस्क्यू

**नई दिल्ली।** दिल्ली के फतेहपुरी बेरी इलाके से अपहरण की गई नाबालिग लड़की को दिल्ली महिला आयोग (डीसीडब्ल्यू) ने उत्तर प्रदेश के लखीमपुर खीरी से एक 13 वर्षीय लड़की का रेस्क्यू करवाया है। पीड़िता की मां ने डीसीडब्ल्यू ने दी शिकायत में कहा कि उसकी बेटी का 21 जुलाई 2021 को दिल्ली के फतेहपुर बेरी इलाके में उसके स्कूल के पास से अपहरण कर लिया गया था। इस संबंध में फतेहपुर बेरी थाने में 22 जुलाई 2023 को धारा 363 के तहत एफआईआर दर्ज की गई थी।

### नरेला इंडस्ट्रियल एरिया का मामला

# एटीएम ही उखाड़ ले गए बदमाश

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

आउटर नॉर्थ डिस्ट्रिक्ट के नरेला इंडस्ट्रियल एरिया में बदमाश आधी रात को सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया की एटीएम मशीन ही उखाड़ ले गए। मशीन में 1,40,300 रुपए बताये गये हैं। इस वारदात की सूचना मुंबई से दिल्ली पुलिस को दी गई थी।




पुलिस ने घटना को लेकर मुकदमा दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी है। आसपास के एरिया में लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज भी खंगाली जा रही है। पुलिस के मुताबिक गुरुवार तड़के 3 बजकर 10 मिनट पर पीसीआर कॉल के जरिए इस घटना की सूचना मिली थी। सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया मुंबई के कमांड रुम से एटीएम मशीन तोड़ने और चोरी को लेकर सूचना थी। तुरंत पुलिस खेड़ा खुर्द मौके पर पहुंची। एटीएम का मेन गेट टूटा हुआ मिला और मशीन गायब थी। पुलिस को जांच के दौरान पता चला कि चोर कार से वारदात करने पहुंचे थे। मशीन खेतों से बरामद हुई। पुलिस को संबंधित बैंक की तरफ से बताया गया कि 19 अगस्त को इस मशीन में आखिरी बार कैश डाला गया था। घटना के समय मशीन में 1,40,300 रुपए थे। अब पुलिस सीसीटीवी कैमरे और टैक्नीकल सर्विलांस के जरिए बदमाशों का पता लगाने में जुटी है। इस तरह की वारदातों में शामिल रहे बदमाशों के रिकॉर्ड भी खंगाले जा रहे हैं।

# गूगल टूल की मदद से झपटमारों तक पहुंची पुलिस, दो गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

लुधियाना से दिल्ली में रिश्तेदार से मिलने आई एक युवती का कश्मीरी गेट इलाके में आईफोन लूटने वाले बदमाश अब सलाखों के पीछे हैं। दरअसल पीड़ित युवती ने अपने आईफोन में जो एप इंस्टॉल किया हुआ था उसकी मदद से पुलिस आरोपियों तक पहुंची।

डीसीपी नॉर्थ सागर सिंह कलसी के अनुसार 23 अगस्त की रात एक युवती का मोबाइल फोन बदमाश छीन लिया गया था। पीड़िता लुधियाना की रहने वाली है। वह दिल्ली अपने रिश्तेदारों से मिलने के लिए आई थी। पंजाब में उसका खुद का बिजनेस है। घटना के समय वह कैब की सही लोकेशन जानने के लिए कैब ड्राइवर से अपने मोबाइल



पर बात कर रही थी, तभी पीछे से स्कूटी सवार दो बदमाश उसका फोन छीन ले गए। इस घटना के बाद पीड़िता ने ऑनलाइन शिकायत दर्ज करायी। जांच के दौरान पीड़िता ने पुलिस को बताया कि उसका मोबाइल फोन सक्रिय है। उसने अपने फोन पर डिवाइस का पता लगाने के लिए एक एप इंस्टॉल किया हुआ था। इसके बाद टैक्नीकल सर्विलांस की मदद ली गई। पता चला कि फोन दिल्ली के शक्ति नगर, रूप नगर इलाके में सक्रिय है। इसके बाद पुलिस टीम ने उस एप द्वारा बताई गई गूगल लोकेशन का विश्लेषण किया और एक संदिग्ध युवक को पकड़ा। पुलिस को देख उसने भागने की कोशिश भी की थी, लेकिन वह कामयाब नहीं हो सका। उसके कब्जे से छीना गया आईफोन 13 मैक्स प्रो और एक अन्य मोबाइल फोन बरामद किया गया। पीड़ित ने आईफोन की पहचान भी कर ली। आरोपी का नाम हिमांशु है। पूछताछ के दौरान हिमांशु ने बताया कि वारदात के समय उसके साथ चचेरा भाई मनीष था। कम समय में ज्यादा रुपए कमाने की चाहत में वे अपराध करने लगे थे। इसकी निशानदेही पर मनीष को तीस हजारी कोर्ट के बाहर से दबोचा। दोनों बदमाशों का पुराना अपराधिक रिकॉर्ड पाया गया है।


**हरियाणा सरकार | निविदा सूचना**

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि / बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ व प हिसार | हिसार जिले में आरडी 0.00 से 0.620 और 0.720 से 0.800 और 1.000 से 4.500 तक जिला सीमा तक सहरवा से गरनपुरा तक रोड को चौड़ा करना और मजबूतीकरण (रोड आईडी 4767) सी.एम. घोषणा सं. 25751 दिनांक 27.03.2022 | बंद होने की तिथि 29.08.2023 | 165.14 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 7404409696 pwd-eepd1-hissar@hry.nic.in |
| 2 | लोनिवि भ व प हिसार | हिसार जिले में गांव सिसवाल में और सिविल हॉस्पीटल आदमपुर में ब्लॉक जन स्वास्थ्य यूनिट (बीपीएचयू) का निर्माण। | बंद होने की तिथि 07.09.2023 | 76.12 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 7404409696 pwd-eepd1-hissar@hry.nic.in |
| 3 | लोनिवि भ व प चरखी दादरी | चरखी दादरी जिले में प्रांतीय मंडल, लोनिवि भ व प शाखा, चरखी दादरी में चरखी दादरी में डी.सी. आवास की विशेष मरम्मत। | 18.08.2023 28.08.2023 | 20.98 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9812022251 pwd-eepd-dadri@hry.nic.in |
| 4 | पंचायती राज बोंद कलां चरखी दादरी | गांव ऊण में कैनाल से पिंजोखरा जोहड़ तक 450 मिमी # आरसीसी पाइप लाइन को बिछाना और ज्वाइंटिंग। | 21.08.2023 28.08.2023 | 5.76 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416479223 xenprcharkhidadri@gmail.com |
| 5 | पंचायती राज चरखी दादरी | गांव श्याम कलां में पानी के टैंक का निर्माण कार्य + 4 कार्य। | 22.08.2023 28.08.2023 | 19.20 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416479223 xenprcharkhidadri@gmail.com |
| 6 | पंचायती राज चरखी दादरी | गांव चरखी में कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के प्रेयर ग्राउंड की पेवमेंट + 1 कार्य। | 21.08.2023 29.08.2023 | 19.75 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416479223 xenprcharkhidadri@gmail.com |
| 7 | पंचायती राज चरखी दादरी | गांव लोहरवारा में विश्वकर्मा चौपाल का निर्माण। (बरामदा, कमरा और शौचालय) + 1 कार्य। | 21.08.2023 29.08.2023 | 12.77 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416479223 xenprcharkhidadri@gmail.com |
| 8 | पंचायती राज राजौंद, कैथल | पंडितों वाला दरवाजा (किठाना) को पूरा करना + 4 कार्य। | 18.08.2023 26.08.2023 | 17.94 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416386928 SDOPRRAJOUND@GMAIL.COM |
| 9 | पंचायती राज ढांड, कैथल | लंगर हॉल (सांच) का निर्माण + 3 कार्य। | 23.08.2023 31.08.2023 | 20.38 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8398020009 Sdoprpundri@gmail.com |
| 10 | पंचायती राज सोनीपत | गांव कथूरा, ब्लॉक कथूरा में खेलपा लोनिवि रोड से राजकुमार पुत्र मान सिंह के मकान तक आईपीबी फिरनी का निर्माण। | 21.08.2023 05.09.2023 | 37.78 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416391006 kulbirsinghxen27@gmail.com |
| 11 | पंचायती राज अम्बाला | पतरेड़ी - गांव पतरेड़ी, ब्लॉक शाहजादपुर में पंजेटन रोड से प्रकाश के मकान तक फिरनी का निर्माण। | 23.08.2023 01.09.2023 | 36.95 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 0171-2551368 prexeeng.amb@hry.nic.in |
| 12 | पंचायती राज फतेहाबाद | 1234 गांव रसुलपुर ब्लॉक टोहाना में पंचायत घर में शैड का निर्माण + 2 कार्य। | 22.08.2023 01.09.2023 | 61.24 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1667230855 prexeeng.ftb@hry.nic.in |
| 13 | पंचायती राज फतेहाबाद | लालोडा ब्लॉक टोहाना, जिला फतेहाबाद में एडब्ल्यूसी के निकट तालाब का पुनरोद्धार तालाब आईडी (01HRFTBTHN0111LALO004)। | 22.08.2023 14.09.2023 | 57.01 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1667230855 prexeeng.ftb@hry.nic.in |
| 14 | पंचायती राज रेवाड़ी | गांव श्याम नगर, ब्लॉक नाहड़, जिला रेवाड़ी में पिपली तालाब का विकास। | 23.08.2023 28.08.2023 | 31.31 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416421261 prexeeng.rwr@hry.nic.in |
| 15 | पंचायती राज लाखनमाजरा, रोहतक | पंचायत समिति लाखनमाजरा की अनुशंसा पर बस क्यू शैल्टर का निर्माण। | 23.08.2023 29.08.2023 | 9.92 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416521482 sdoprlakhanmajra@gmail.com |
| 16 | पंचायती राज चरखी दादरी | गांवों - पांडवान, अटेला कलां, साहुवास, घिकाड़ा, ब्लॉक चरखी दादरी में ठोस कचरा प्रबंधन हेतु शैड का निर्माण + 9 कार्य। | 23.08.2023 31.08.2023 | 114.41 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416479223 xenprcharkhidadri@gmail.com |
| 17 | पंचायती राज मोरनी, पंचकूला | गांव बालोटी ब्लॉक मोरनी जैडपी में आरसीसी ह्यूम पाइप्स सहित द्रव कचरा प्रबंधन / ग्रे वाटर हेतु सीवर पाइप लाइन बिछाना + 3 कार्य। | 22.08.2023 28.08.2023 | 33.74 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416055244 dharambirsai@gmail.com |
| 18 | पंचायती राज बरवाला, पंचकूला | बटौर :- (1) महिलाओं के लिये बाथरूम का निर्माण, (2) गवर्नमेंट मॉडल संस्कृति सीनियर सैकेंडरी स्कूल में आईपीबी पेवमेंट और ड्रेनेज पाइप का निर्माण, (3) नेपाल पुत्र संदल सिंह के मकान से बीडीडीए स्कूल तक नाला का निर्माण और (4) गांव बटौर, ब्लॉक बरवाला, जिला पंचकूला में राजपूत धर्मशाला में पानी के टैंक का निर्माण + 1 कार्य। | 22.08.2023 29.08.2023 | 15.44 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9216213141 naveen_cherwal@yahoo.co.in |
| 19 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा, नारनौल | गांव बलावा खुर्द और बलावा कलां (नांगल चौधरी निर्वाचन क्षेत्र में) (अटल भू-जल योजना के तहत) की सिंचाई सुविधाओं और ग्राउंड वाटर की रिचार्जिंग हेतु बलावा सब माइनर की टेल से आरसीसी पाइप लाइन एनपी-2 600 मिमी आई/डी को बिछाना + 3 कार्य। | बंद होने की तिथि 31.08.2023 | 53.01 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01282-251214 xen-wsnrl.irr@gov.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
पीआरडीएच-11/2024/380/20519/I/88/7 दि. 24.08.23